वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :4 | अंक : 187 | गुरुवार 31 अक्टूबर 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर




# 25 लाख दीयों से जगमगा उठी रामनगरी




**अयोध्या**

अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार भगवान राम के आगमन पर दीपोत्सव मनाया गया। रामकी पैड़ी, चौधरी चरण सिंह घाट और भजन संध्या स्थल पर 25 लाख 12 हजार 585 दीप जलाए गए। वहीं, 1 हजार 121 लोगों ने एक साथ सरयू आरती कर विश्व रिकॉर्ड बनाया। इस तरह से रामनगरी एक आयोजन में एक साथ दो विश्व कीर्तिमानों की साक्षी बनी। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीपोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ पहला दीया जलाकर किया था। उनके साथ प्रदेश के दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व बृजेश पाठक और केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भी मौजूद थे। दीपोत्सव में भगवान राम की महिमा का प्रदर्शन करने वाली भव्य झांकियां निकाली गई। इसके अलावा कलाकारों ने नृत्य भी प्रस्तुत किया।

## ये वर्ष अयोध्या के लिए अद्भुत, अनुपम, अलौकिक और अद्वितीय

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ये वर्ष अयोध्या के लिए अद्भुत, अनुपम, अलौकिक और अद्वितीय है। इस वर्ष 22 जनवरी 2024 को अयोध्या धाम में 500 साल का इंतजार समाप्त करके, एक बार फिर भगवान श्रीराम अपनी जन्मभूमि पर विराजित होकर, ये संदेश देकर गये हैं कि कभी अपने पथ से विचलित न होइए, संघर्ष का मार्ग अपनाइए, सफलता अवश्य प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि यह अवसर है हमारे पास उन सभी आत्माओं को स्मरण करने का, जिनका पूरा जीवन रामजन्म भूमि आंदोलन के लिए, प्रभुराम की कृपा का प्रसाद प्राप्त करने के लिए समर्पित था। उन सभी पूज्य संतों को नमन।






ARL
ARL Infratech Ltd.
प्रकाश पर्व को दीपों
से जगमगाएं
खुशियों के साथ जिम्मेदारी
भी निभाएं!
!!प्रदूषण रहित दीपावली !!
मतलब
शुभ दीपावली
अंकुर रूफिंग शीट्स
AEROTUFF
LIGHT | STRONG | ADVANCED
AAC Blocks
अंकुर फाइबर सीमेन्ट बोरवैल पाईप्स
SPECTA
QUARTZ SURFACES
Corporate Office: "Akshat House" A-27 / 13-A, Kanti Chandra Road, Bani Park, Jaipur-302016.
Tel. : 0141-6604777, arl@arlinfratech.com
Marketing Office : 'Akshat Heights' 601, 6th Floor, D-91 Madho Singh Road,
Bani Park, Jaipur - 302016, Tel.: 0141-6606777 sales@arlinfratech.com
https://www.facebook.com/ARLInfratech https://www.youtube.com/c/ARLInfratechltd www.arlinfratech.com

# भगवान महावीर निर्वाण से प्रारंभ हुआ जैनों में दीपावली पर्व

मुनि कमलकुमार

जैन धर्म में भगवान महावीर के निर्वाण से ही दीपावली पर्व प्रारम्भ हुआ ।इसलिए प्रायः जैन लोग अमावस्या के दिन को ही महत्व देते हैं ।अक्सर लोग दिवाली चतुर्दशी को भी मना लेते है पर जैन लोग भगवान महावीर के निर्वाण दिवस के दिन ही दीपावली मनाते हैं ।तीर्थंकरों के पंच कल्याणक होते हैं- च्यवन,जन्म,दीक्षा,केवलज्ञान और निर्वाण इन पांचों अवसरों पर देवता उत्सव मनाते है ।च्यवन अथवा जहाँ से जीव च्यव करके माता की कुक्षी में आता है उस समय भी सभी को प्रसन्नता होती है कि यह जीव जन्म लेकर तीर्थंकर बनकर स्व-पर कल्याणकारी बनेगा ।इसी प्रकार जन्म के समय,दीक्षा और केवलज्ञान ही नहीं निर्वाण पद की प्राप्ति तक भी देवता उत्सव मनाते है। भगवान महावीर जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर हुए उनका जन्म बिहार प्रांत के अंतर्गत कुण्डलपुर ग्राम में हुआ और निर्वाण पावापुरी में कार्तिक कृष्णा अमावस्या के दिन मध्यरात्रि में हुआ। अमावस्या को घना अंधकार होता है। भगवान महावीर के निर्वाण का संवाद सुन चारो तरफ से लोगों का अंतिम दर्शन के लिए ताँता लग गया। पावा के लोगों ने सोचा कि इस अंधकार में लोग



दुर्घटना का शिकार ना हो जाए इसलिए घर घर घी के दीपक जलाए गये कि अँधेरे से राहत मिल सके। उस समय विद्युत का अविष्कार नही हुआ था इसलिए दीपक जलाये गये परन्तु अब तो गांव गांव ही नहीं घर घर में बिजली का प्रकाश देखने को मिलता है। इसलिए लोगों को दीपक से होनेवाली तेजस्काय, वायुकाय और त्रसकाय की हिंसा से बचने का प्रयास करना चाहिए और अक्सर दीपक में मच्छर मरे मिलते हैं। दीपक,मोमबत्ती से कई बार झोपड़ों में आग भी लग जाती है, इससे कई बार जनहानि,धनहानि भी हो जाती है। हम जैन हैं तो हमे ज्यादा से ज्यादा अहिंसा संयम -तप का पथ अपनाना चाहिए ।इस बार भगवान महावीर का 2550 वाँ निर्वाण दिवस है हमे अधिक से अधिक उपवास,बेले,तेले की तपस्या के साथ भगवान के सिद्धांतों व उपदेशों को आत्मसात करने का प्रयास करना चाहिए जिससे हम भी अपना कल्याण कर सके। अक्सर दीपावली पर्व पर पटाखे चलाकर,दीप जलाकर लोग खुशी मनाते है यह कर्म बंधन,धन के अपव्यय के साथ समस्याओं को बढ़ाने वाला है। हमे स्थिर मन से चिंतन करके हिंसा और असंयम से बचकर आत्मसाधना का लक्ष्य बनाना चाहिए जिससे भगवान की तरह निर्वाण पद प्राप्त नहीं कर सके तो अपना नुक्सान तो ना करें । भगवान महावीर के सिद्धान्त उस समय जितने उपयोगी थे उतने वर्तमान युग में भी उपयोगी हैं। मुझे तो ऐसा लगता है कि उस समय से इस समय बहुत ज्यादा उपयोगी हैं। हम भगवान महावीर के अहिंसा,संयम,तप,अनेकांत,अपरिग्रह,आत्मकर्तृत्ववाद को समझें और औरों को समझाने का प्रयास करें जिससे आत्मा,स्वास्थ्य,परिवार,समाज,देश और विश्व का कल्याण हो सके। दीपावली पर्व पर अधिक लोग अपने दुकान,मकान,संस्थान की साफ सफाई ही नहीं रंग रोगन भी करते है जिससे उसका रूप निखरे परन्तु जब तक आत्मा कि सफाई नहीं होगी तब तक ऊपरी सौंदर्य से शांति और आनंद का वातावरण नहीं बन सकता इसलिए यथाशक्ति तपस्या,ध्यान,आत्म चिंतन,पौषध, प्रतिक्रमण कर अपनी आत्मा की उज्वलता बढ़े ऐसा प्रयास करने से ही उभायलोक सुधर सकते हैं। मकान, दुकान,संस्थान की शुद्धि के साथ मन की शुद्धि के लिए प्रयत्नशील बनें जिससे दीपावली पर्व वास्तविक प्रकाश पर्व बने।

# दीप जलाएं



आओ आज दीप जलाएं,राम आज घर आएंगे ।
हर्षित सबका मन हुआ,खुशियां खूब मनाएंगे ।।
राम ,लखन,हनुमंत अपने,संग सिया को लाएंगे ।
उनके स्वागत में अनंत, दीपक हम जलाएंगे ।।

सत्य की हो गई विजय,रामजी हो गए अजय '
आओ मिलकर बोले हम ,सियाराम की जय जय ।।
भेदभाव को दफनाएंगे,सबको हम अपनाएंगे
आओ आज दीप जलाएं,राम आज घर आएंगे ।

इस दिवाली दिल से मिले दिल,रोम रोम खिले ।
महलों से झोपड़ियों तक, दीपो की माला जले ।।
इस दिवाली हर आंगन में खुशियां हम पहुंचाएंगे ।
आओ आज दीप जलाएं,राम आज घर आएंगे ।।

दीपोत्सव मिलकर मनाएं,खुशियों के गीत गाए ''
घृणा तम को दूर करने को,आओ आज दीप जलाएं ''
रोम रोम प्रफुल्लित है आज, मीठा मुह कराएंगे '
आओ आज दीप जलाएं,राम आज घर आएंगे ।।

नवीन जैन नव बीगोद

## खुशियों की सार्थक दिवाली

# बाल भोज में 45 बच्चों को भोजन कराया



अजीत कोठिया. शाबाश इंडिया

डडूका। महावीर इंटरनेशनल गढ़ी परतापुर द्वारा रूप चौदस पर गढ़ी क्षेत्र के 45 बच्चों को मीठा भोजन करा बिना शोर वाले पटाखे वितरित किए गए। आयोजन सौजन्य प्रेमलता जैन वस्तुपाल जैन, रिद्धि जैन, विदुषी एवं कृति जैन का रहा। समारोह में एम आई गवर्निंग कांउसिल सदस्य अजीत कोठिया, पूर्व अध्यक्ष रमनलाल डामोर, सचिव रामभरत चेजारा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उषा राठौड़, पूजा जैन, हेमलता पंड्या, सुगन कुंवर, ज्योति गहलोत, करुणा चंद्रावत, संगीता डामोर, प्रमिला भगोरा, कय्यूम भाई,अजीम प्रेमजी फाउंडेशन ने बाल कृष्ण शर्मा, जय कपिश तथा भोजन ग्रहण करने वाले 45 बच्चे सम्मिलित हुए। महावीर इंटरनेशनल गढ़ी के बालभोज के इस पांचवें आयोजन हेतू चेयरपर्सन प्रीतल पंड्या, संरक्षक परेश पंड्या, जुगनू सोनी ने बच्चों को आशीर्वाद दिया। आयोजन संचालन अजीत कोठिया ने किया, आभार रामभरत चेजारा ने व्यक्त किया।

## वेद ज्ञान

### जिंदगी में सद्गुण होना जरूरी

हर एक इंसान समझता है कि जो वह कर रहा है, वह सबसे अच्छा है। वह जैसी जिंदगी जी रहा है, उससे अच्छा कुछ नहीं हो सकता। कई बार हम यह भूल जाते हैं कि सद्गुणों का जिंदगी में होना बहुत जरूरी है। इंसान यह भूल जाता है कि जब उसके अंदर घमंड पैदा हो जाता है तो फिर उसके कदम उसे प्रभु से दूर ले जाते हैं। अनेक बार प्रभु की खोज में लगे हुए लोगों के मन में भी घमंड आ जाता है। हम ऐसी जिंदगी जिएं, जो नम्रता से भरपूर हो। कुछ लोगों को अपने आप पर बड़ा घमंड होता है, उन्हें लगता है कि उनके कारण ही सब कुछ हो रहा है। वे सोचते हैं कि मैं बहुत अच्छा हूं, मैं बहुत पढ़-लिख गया हूं, मैंने बहुत पैसे कमा लिए हैं, मेरा बहुत बोलबाला है। अपने अहंकार को काबू में न रखा जाए तो फिर इंसान सच्चाई की जिंदगी नहीं जी पाता, क्योंकि जहां पर घमंड आ जाता है, वहां पर आदमी बढ़-चढ़कर बातें करना शुरू कर देता है, वह सच्चाई को भी बदल देता है। झूठी चीज को भी ऐसे दिखाएगा जैसे वह सच्ची हो। उसकी जिंदगी सच्चाई से दूर होनी शुरू हो जाती है। इंसान अहंकार में सच्चाई से बहुत दूर चला जाता है। अहंकार के कारण ही इंसान को गुस्सा भी आता है। हम यह न सोचें कि सारे गुण जरूरी नहीं हैं। अधूरे और अनियमित विकास से हम अपनी मंजिल तक नहीं पहुंच सकते। हमें काम, क्रोध, लोभ, मोह, और अहंकार को काबू में करना है और एक संतुलित व स्थिर जिंदगी जीनी है। वह स्थिरता हमें तब मिलती है जब हम अंदर (अंतस) की दुनिया की ओर कदम उठाते हैं। स्थिरता हमें तब मिलती है, जब हम प्रभु की नजदीकी पाते हैं। इंसान को शांति तब मिलती है, उसकी जिंदगी में हलचल तब कम होती है, जब वह अंतर्मन में प्रभु की ज्योति का अनुभव करता है। सब कुछ हमारे अंदर है, लेकिन इंसान का ध्यान बाहर की ओर है। अगर हम अपना ध्यान अंदर की ओर करेंगे तो हम असलियत को जान जाएंगे। हमारे अंदर आध्यात्मिक जागृति आ जाएगी और हमारे कदम तेजी से प्रभु की ओर उठने शुरू हो जाएंगे। हम सब प्रभु को पा सकते हैं। हमें सिर्फ उन्हें दिल से, आत्मा की गहराई से पुकारना है। हमें अपनी रूह को उड़ान देनी है और अंदर की दुनिया में जाना है।

## संपादकीय

# बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना एक अहम कदम

देश में सत्तर साल से अधिक उम्र के सभी बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना की शुरूआत का धन्वंतरि दिवस से अच्छा और क्या अक्सर होता? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिल्ली के ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद (एआईआईए) से इसके शुभारंभ का निहितार्थ भी समझा जा सकता है। आरोग्य के देवता धन्वंतरि को आयुर्वेद का जनक माना जाता है। निस्संदेह देश के करोड़ों वृद्ध लोगों के लिए यह एक बेशकीमती सौगात तो है ही,



यह योजना लोककल्याणकारी राज्य की अवधारणा की कसौटी पर भी खरी उतरती है। इन बुजुर्गों को अब प्रति परिवार पांच लाख रुपये तक की निःशुल्क चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी। उम्र के इस हिस्से में उन्हें जिस चीज को सर्वाधिक आवश्यकता होती है, उसमें इलाज की सुविधा सबसे अहम है। वास्तविकता यही है कि यदि कोई बुजुर्ग पेंशनवापत न हो, तो परिवार के लिए अनुत्पादक इकाई होने के कारण वह अक्सर उपेक्षा का शिकार हो जाता है। ऐसे में, अब वे परिवार के लिए अर्थिक बोझ बनने की किसी कुंता से मुक्त होकर अपनी तकलीफों का उपचार करा सकेंगे। वैसे तो कम आय वर्ग वाले परिवार के बुजुर्गों को आयुष्मान योजना के तहत पांच लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा पहले से ही हासिल थी। मगर अब सभी आय वर्ग के वृद्धों तक इसका विस्तार दरअसल बुजुर्गों को गरिमामय अंतिम दिनों की गारंटी है। मगर योजना का उद्देश्य सभी पूरा हो सकेगा, जब सभी बुजुर्गों की पहुंच में चिकित्सक और चिकित्सा हो। यह अच्छी बात है कि पिछले एक दशक में स्वास्थ्य क्षेत्र पर खासा ध्यान दिया गया है और आज डॉक्टरों का अनुपात विश्व स्वास्थ्य संगठन के दिशा-निर्देशों से बेहतर पाया गया है। पिछले दिनों ही स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने लोकसभा में दावा किया था कि डब्ल्यूएचओ जहां प्रति 1000 आबादी पर एक डॉक्टर की उपलब्धता को आदर्श अनुपात मानता है, वहीं भारत में 836 लोगों पर अब एक चिकित्सक उपलब्ध है। मगर सवाल सिर्फ आनुपातिक आंकड़े का नहीं है, इसका व्यावहारिक पक्ष भी बहुत महत्वपूर्ण है। हकीकत यही है कि आज भी महानगरों और राज्यों की राजधानियों में ही अच्छे अस्पतालों की संख्या अधिक है, जिला मुख्यालयों के सरकारी अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों व तकनीशियनों की कमी का आलम यह है कि अनेक अस्पतालों के कीमती चिकित्सा उपकरणों में जंग तक लग जाता है। बिजली, सड़क, इंटरनेट जैसी सुविधाओं के पर्याप्त विस्तार के बावजूद ग्रामीण इलाकों में सेवा के प्रति चिकित्सकों की दिलचस्पी नहीं बन पा रही। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बीते मंगलवार को अपने एक संबोधन में इस समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा था, ''सभी डॉक्टरों को अपने पेशेवर जीवन के कुछ वर्ष ग्रामीण क्षेत्रों को समर्पित करने पर विचार करना चाहिए।'' निस्संदेह, सभी बुजुर्गों को स्वास्थ्य बीमा मुहैया कराना एक सराहनीय पहल है, मगर यह नहीं भूलना चाहिए कि बुजुर्ग के लिए बहुत लंबी दूरी तय करना भी कम कठिन नहीं है। **-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# साइबर अपराध

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने नवीनतम रेडियो संबोधन में साइबर ठगी के बढ़ते खतरे के बारे में बात की। हाल के दिनों में साइबर अपराधियों ने कई लोगों को निशाना बनाया है और उन्हें 'डिजिटल अरेस्ट' कर धमकी दी है। वे साइबर ठगी करते समय पुलिस अधिकारी, प्रतिभूति बाजार नियामक या नारकोटिक्स आदि विभागों के सरकारी अधिकारी होने का दिखावा करते हैं। जिन लोगों को निशाना बनाया जाता है उनके बैंक खातों को खाली कर दिया जाता है और कुछ मामलों में उनके पैसे क्रिप्टोकरेंसी वॉलेट में स्थानांतरित कर दिए जाते हैं। जो लोग अपेक्षाकृत डिजिटली साक्षर हैं, वे भी इन अपराधियों के शिकार हो गए।ऐसे में यह बात स्वागतयोग्य है कि प्रधानमंत्री ने इन तौर तरीकों के बारे में जागरूकता पैदा करने का प्रयास किया। परंतु अभी इन खतरों से निपटने के लिए और कई कदम उठाने की आवश्यकता है। बैंकिंग नियामक आदि अपने स्तर पर ऐसे अपराध करने वाले अपराधियों को पकड़ पाने की क्षमता नहीं रखते। इनमें से कई तो भारत की सीमाओं से बाहर रहते हैं। दक्षिण पूर्वी एशिया के देश इनके खास अड्डे हैं। जरूरत इस बात की है कि राष्ट्रीय साइबर अपराध इकाइयों को क्षमतावान बनाया जा सके ताकि हर शिकायत पर ध्यान दिया जा सके। ऐसे अपराध रोकने और अपराधियों को उनके अंजाम तक पहुंचाने की बुनियादी जिम्मेदारी सरकार की है और वह इस दायित्व से बच नहीं सकती। आमतौर पर कुछ अधिकारियों के लिए विभिन्न प्रकार के डिजिटल जोखिमों के मामले में अपनी जवाबदेही से पल्ला झाड़ना बहुत आसान रहा है। इसका एक और उदाहरण है हाल ही में बम धमाकों की धमकी।दीवाली के पहले व्यस्त सीजन में इन धमकियों ने देश के विमानन क्षेत्र को बुरी तरह प्रभावित किया। महज चंद दिनों में विभिन्न उड़ानों के बारे में ऐसी 100 से अधिक धमकियां दी गईं। इससे हवाई अड्डों की सुरक्षा के जिम्मेदारों पर दबाव बढ़ा और कई हवाई अड्डों पर अफरातफरी की स्थिति बन गई। शिकागो के लिए उड़ान भर रही एयर इंडिया की एक उड़ान को आर्कटिक में अचानक उतरना पड़ा ताकि विमान की जांच की जा सके। सिंगापुर जा रही एक और उड़ान को वहां के एफ-16 विमानों की निगरानी में चांगी हवाई अड्डे पर उतारना पड़ा। गत सप्ताह इस सिलसिले में एक किशोर को गिरफ्तार किया गया था और जानकारी के मुताबिक महाराष्ट्र पुलिस 35 वर्षीय एक अन्य संदिग्ध की तलाश में है। परंतु अधिकारियों की शुरूआती प्रतिक्रिया सोशल मीडिया वेबसाइटों को दोष देने की रही जहां ऐसी धमकियां सामने आ रही थीं। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नुकसानदेह इन पोस्टों को हटाने की मांग की। इन वेबसाइटों का जांचकर्ताओं के साथ सहयोग करने में नाकाम रहना और पुलिस की मांग पर इन पोस्ट से संबंधित आईपी एड्रेस मुहैया नहीं करा पाना तथा धमकियों को गंभीरता के आधार पर चिह्नित नहीं कर पाना एक अलग मसला है। वित्तीय नियामकों तथा नागर विमानन के प्रभारियों तथा कुछ मामलों में स्थानीय पुलिस सहित अधिकारियों के लिए डिजिटल अपराध एक नया मोर्चा है। यह स्वाभाविक है कि उनके पास शायद इस काम के लिए जरूरी विशेषज्ञता और अनुभव नहीं हो। परंतु ऐसी क्षमता विकसित की जानी चाहिए।


भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव एवं
दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
Sunil jain
9828012800
Renu jain/lakshya Jain
8696212800
Santosh Gupta
9414050191
May i help you
Term & General Insurance Consultants
Office: 303, Siddhi vinayak, Ashok Marg, Near Ahinsa Circle,
C-Scheme, Jaipur Ph.: 0141-2372893, 2378187


भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव एवं
दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. एम एल जैन 'मणि'
डॉ. शान्ति जैन 'मणि'
अध्यक्ष
दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप तीर्थंकर
डॉ. मनीष जैन 'मणि'
डॉ. अलका जैन
एवं समस्त एम्बीशन
किड्स एकेडमी परिवार


भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव एवं
दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
संरक्षक
श्रीमती चंदा सेठी
अध्यक्ष
श्रीमती रेखा लुहाड़िया
मंत्री
श्रीमती रानी सौगानी
उपाध्यक्ष
श्रीमती रेणु पाण्ड्या
संयुक्त मंत्री
श्रीमती रितु चाँदवाड
कोषाध्यक्ष
श्रीमती वर्षा अजमेरा
सांस्कृतिक मंत्री
श्रीमती सीमा सेठी
सांस्कृतिक मंत्री
श्रीमती रेखा पाटनी
प्रचार-प्रसार मंत्री
श्रीमती मोना चांदवाड
आहारचर्या मंत्री
श्रीमती प्रेम देवी बाकलीवाल
आहारचर्या मंत्री
श्रीमती सुशीला काला
कार्यकारिणी सदस्य
श्रीमती छवि जैन
श्रीमती सुनीता पाटोदी
श्रीमती पुष्पा गंगवाल
श्रीमती रानी बोहरा
श्रीमती नीरू पाण्ड्या
श्रीमती संगीता काला
श्रीमती शिल्पी काला
श्रीमती प्रीती पाटनी
श्रीमती सुशीला कासलीवाल
श्रीमती सीमा बाकलीवाल
श्रीमती माया संगही
श्री दिगम्बर जैन चन्द्रप्रभु महिला मण्डल
दुर्गापुरा, जयपुर


भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव एवं
दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री दिगंबर जैन महासमिति
महिला अंचल त्रिशला सम्भाग दुर्गापुरा
चंदा सेठी
अध्यक्ष
रेणु पांड्या
सचिव
सीमा सेठी
कोषाध्यक्ष
रानी सौगाणी
महिला प्रकोष्ठ मंत्री
संगीता काला
युवा प्रकोष्ठ मंत्री
सुनीता पांड्या
मनोनीत सदस्य
सीमा बाकलीवाल
मनोनीत सदस्य


JAIN APPLIANCES
A HOUSE OF ELECTRONIC
VOLTAS
SONY
micromax
orient
LG
IFB
Panasonic
MITASHI
BAJAJ
Godrej
GENERAL
HAVELLS
KENT
SAMSUNG
भगवान महावीर
निर्वाण महोत्सव एवं
दीपावली की
हार्दिक शुभकामनाएं
विनोद जैन
B 3, Opposite Pink Square,
Sindhi Colony, Jaipur- 7014436411, 0141-261800

# जैन धर्म के छठे तीर्थंकर भगवान पद्मप्रभ का मनाया जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव हर्षोल्लास पूर्वक

**फागी. शाबाश इंडिया।** कस्बे सहित परिक्षेत्र के चकवाडा, चोरू,नारेड़ा,मंडावरी, मेहंदवास, निमेडा, लसाडिया तथा लदाना सहित कस्बे के जिनालयों में जैन समाज के छठे तीर्थंकर भगवान पद्मप्रभ का जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव हर्षोल्ल्लास पूर्वक मनाया कार्यक्रम में जैन महासभा के प्रतिनिधि राजाबाबू गोधा ने अवगत कराया कि कस्बे के प्राचीन जिनालय आदिनाथ मंदिर में प्रातः श्री जी का अभिषेक शांतिधारा करने बाद अष्टद्रव्यों से पूजा अर्चना कर विभिन्न पूर्वाचार्यों के अर्घ्य अर्पित करने के बाद जैन धर्म के छठे तीर्थंकर भगवान पद्मप्रभ का जयकारों के साथ जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव का अर्घ्य चढ़ाकर विश्व में सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की गई।उक्त कार्यक्रम में पूर्व सरपंच ताराचंद जैन, समाज के सरंक्षक प्रेमचंद भंवसा, केलास कासलीवाल, सुरेश सांघी, महावीर अजमेरा, विरेन्द्र दोषी, ओमप्रकाश कासलीवाल, शांतिलाल मित्तल, राजेश छाबड़ा, शिखर गंगवाल, ऐडवोकेट रवि जैन, ललित कासलीवाल, अनिल कासलीवाल, भाविक कासलीवाल, आदि कासलीवाल, राजाबाबू गोधा तथा समाज की प्रेम देवी दोषी,कमला कासलीवाल, मैना गंगवाल, मनभर कासलीवाल,राजकुमारी दोषी,रेखा मित्तल, मंजू छाबड़ा, निर्मला कासलीवाल, सीमा कासलीवाल, मंजू सेठी, आरती सेठी, अंकिता गंगवाल, मनीषा कासलीवाल सहित सभी श्रावक श्राविकाएं मोजूद थे।



# कोटखावदा में भगवान पद्मप्रभ का जन्म व तप कल्याणक महोत्सव मनाया



**कोटखावदा. शाबाश इंडिया**

कस्बा स्थित श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर अतिशय क्षेत्र कोटखावदा में जैन धर्म के छठे तीर्थंकर भगवान पद्मप्रभ का जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव बुधवार को मनाया गया। प्रचार -प्रसार मंत्री अमन जैन कोटखावदा ने बताया कि मंदिर जी में प्रातः मंत्रोच्चार से श्री जी के अभिषेक के बाद विश्व में सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए शांतिधारा की गई।वही भगवान पद्मप्रभ की अष्ट द्रव्य से पूजा अर्चना की गई। राजस्थान जैन युवा महासभा के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया की पूजा के दौरान जन्म व तप कल्याणक श्लोक का उच्चारण करते हुए अर्घ चढ़ाया गया। मंदिर परिसर भगवान पद्मप्रभ के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। भगवान पद्मप्रभ की सामूहिक महाआरती के साथ महोत्सव का समापन हुआ इस अवसर पर मंदिर समिति अध्यक्ष महावीर गंगवाल, दीपक वैद, रीतेश गोलू वैद, संतोष गंगवाल, शांति देवी वैद, रानी वैद, अंजू जैन, सीमा पाटोदी, नीलम अजमेरा, रींकू वैद सहित बड़ी संख्या में समाज बंधु उपस्थित रहे।

# फागी कस्बे में गोयल भोग मिनी आटा प्लांट का हुआ उद्घाटन



**फागी. शाबाश इंडिया**

कस्बे में माधोराजपुरा रोड पर आज गोयल भोग मिनी आटा प्लांट का उद्घाटन हुआ, कार्यक्रम में व्यापार महासंघ फागी के प्रवक्ता राजाबाबू गोधा ने शिरकत करते हुए बताया कि उक्त मिनी आटा प्लांट का पंडित लालचंद जैन ने विभिन्न मंत्रोचारणों के बीच शुभारंभ कराया कार्यक्रम में फागी पंचायत समिति के पूर्व प्रधान सुकुमार झंडा सहित विभिन्न व्यापारियों ने फीता काटकर प्लांट का उद्घाटन किया, कार्यक्रम में जानकारी पर ज्ञात हुआ कि फागी कस्बे सहित परिक्षेत्र की आम जनता को साफ स्वच्छ एवं पोष्टिक आटे की काफी जरूरत थी इसी कमी को देखते हुए कस्बे के व्यापारी हरकचंद ,मुकेश कुमार, दिनेश कुमार जैन गोयल परिवार ने उक्त प्लांट की शुरूआत की जिसमें ज्ञात हुआ कि आटा पिसाई के लिए गेहूं को बिल्कुल साफ स्वच्छ कर धुलाई करने के बाद गेहूं को पीसकर वाजिब दामों में व्यापारियों एवं किसानों को वितरित किया जाएगा, कार्यक्रम में फागी प्यार चंद जैन ,महावीर जैन कठमाना, पंचायत समिति के पूर्व प्रधान सुकुमार झंडा, हरकचंद जैन, सुरेंद्र पंसारी, धर्मचंद पीपलू, गोपाल लाल नला वाले,पारस नला वाले, जुगल किशोर झराना, राजेंद्र नला, मुकेश नला,कमलेश जैन कठमाना त्रिलोक जैन ब्रोकर, मुकेश पीपलू, दिनेश पीपलू, सुनील बजाज, जीतू कासलीवाल, पदम जैन टीबा वाले, नीरज झंडा, तथा राजाबाबू गोधा सहित सभी व्यापारी उपस्थित थे।

भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव एवं
दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

# पूर्णिमा हैण्डीक्राफ्ट्स

शोरूम : डी-57, प्रथम मंजिल एम.जी.डी. मार्केट,
त्रिपोलिया बाजार, जयपुर फोन : 2311266

फैक्ट्री : एफ-118-120, गारमेंट जोन,
सीतापुरा इण्डिट्रियल एरिया, जयपुर

info@poornimahandicrafts.com



भगवान महावीर
निर्वाण महोत्सव एवं
दीपावली की
हार्दिक शुभकामनाएं

# इन्जी पी सी छाबड़ा-तिलक मती जैन

जैन इन्जिनियरिस सोसायटी इन्टरनेशनल फाण्डेसन के राष्ट्रीय महासचिव इन्दोर
भारत की एक मान्यता प्राप्त 105 वर्ष पुरानी इन्स्टीट्यूट ऑफ
इन्जिनियरिंस इंडिया के राज्य कार्यकारिणी सदस्य
दिंगबर जैन अतिशय क्षेत्र साखंना व निमोला के परम संरक्षक
श्रमण ज्ञान भारती मथुरा चौरासी के ट्रस्टी व जम्बू स्वामी के स्थायी आमंत्रित
अतिक्षय क्षैत्र बाड़ा पदमपुरा के प्रबंध समिति के सदस्य
अन्य संस्थाओं जेसे दि. जै. महासमिति के शिरोमणि संरक्षक, टीएमयू,
महावीर इन्टरनेशनल ऐसोसिएशन, संरक्षक अणुव्रत, संरक्षक प्रांतीय धर्म सरक्षणी,
दिंगबर जैन सोशल गुर्प व कई मन्दिरों से जुड़े हुए हैं
BJS के राज्य उपाध्यक्ष रहे, अभी सक्रिय सदस्य
पेटर्न मेम्बर जीतो Jito

9414052412, B-53, जनता कालोनी, जयपुर



भगवान महावीर
निर्वाण महोत्सव एवं
दीपावली की
हार्दिक शुभकामनाएं

# नरेश कासलीवाल

मीडिया प्रभारी
अखिल भारतवर्षीय दि. जैन परिषद राज. प्रांत

नीना कासलीवाल (पत्नी),
प्रियांक-प्रियांशी कासलीवाल
(पुत्र-पुत्रवधू)

18 -ए विश्वेशरिया नगर, त्रिवेणी रोड, जयपुर @ 9462191401

भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव एवं
दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं



# नरेश-अनिता जैन

रूपक-शिप्रा जैन, अमायरा, अर्हम जैन

81/61 पटेल मार्ग मानसरोवर



भगवान महावीर
निर्वाण महोत्सव एवं
दीपावली की
हार्दिक शुभकामनाएं

# नीरज-रेखा जैन

महामंत्री - श्री महावीर दिगम्बर जैन मंदिर, मुरलीपुरा

सचिव - दि. जैन सोश्यल ग्रुप फेडरेशन राज. रीजन, जयपुर


अध्यक्ष - दि. जैन सोशल ग्रुप वीर, जयपुर

अध्यक्ष - राज. जैन युवा महासभा विद्याधर नगर जोन

भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव एवं
दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं


# एम.एस.ज्वैलर्स

मुकेश सौगानी 98290-56224 | मनोज सौगानी 97999-98984 | मनन सौगानी 97999-98981



MS Jewellerys

265-266,
johari bazar,
jaipur-3





सभी प्रकार के चाँदी के बर्तन, जेवर एवं चाँदी के छत्र, सिंहासन, पाण्डुशिला,
भामण्डल, पूजा के बर्तन, आरती, दीपक,
सभी प्रकार के जैन मन्दिर के आईटम एवं चाँदी,
सोने के सिक्के एवं चाँदी से निर्मित फर्नीचर के निर्माता एवं विक्रेता
mukeshsoganimsj@yahoo.co.in



# नवीन सेन जैन

राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष

# शशी सेन जैन

अंचल उपाध्यक्ष

भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव एवं
दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

दिगंबर जैन महासमिति

# श्रावक वही, जो सच्ची श्रद्धा को अपनाएं: मुनि हितेंद्र ऋषि जी म.सा.






## एएमकेएम में उत्तराध्ययन सूत्र का स्वाध्याय

**चैन्नई. शाबाश इंडिया**

एएमकेएम जैन मेमोरियल सेंटर में श्रमण संघीय युवाचार्य महेंद्र ऋषिजी के शिष्य हितेंद्र ऋषिजी ने उत्तराध्ययन सूत्र के 31वें और 32वें अध्याय का स्वाध्याय करते हुए कहा कि प्रभु महावीर की अंतिम देशना का उत्तराध्ययन सूत्र के माध्यम से हम स्वाध्याय कर रहे हैं। विचार कीजिए पूर्वधर आचार्यों ने वह लेखन करने का पुरुषार्थ नहीं किया होता तो आज प्रभु की वाणी हम तक नहीं पहुंचती। इस वाणी को आज हम सुनकर कान और मन को पवित्र, पावन बना रहे हैं। प्रभु की वाणी जीवन में बदलाव लाने वाली है। उन्होंने कहा उत्तराध्ययन सूत्र का स्वाध्याय कर उसे हमारे जीवन में उतारना है। यह केवल साधु के लिए ही नहीं है श्रावक के लिए भी इसलिए है क्योंकि उनमें साधु बनने की भावना आए। श्रावक वही जो सच्ची श्रद्धा को अपनाए।आज श्रावक श्रावक तो बनता नहीं बल्कि साधुओं को उपदेश देने में लगा है। क्या इसके लिए प्रभु ने चार तीर्थ बनाया। हमारी श्रद्धा निरंतर डांवाडोल होती जा रही है। इसलिए मोक्ष प्राप्त नहीं कर सकते। उन्होंने कहा सम्यक पराक्रम में बताया गया है, डांवाडोल श्रद्धा को मत रखने दो। धर्म से कर्मनिर्जरा होती है। इस भव में कर्मनिर्जरा करोगे तो अगले भव में सुख मिलेगा। जैसे व्यक्ति के कर्म रहेंगे, वैसी गति को प्राप्त करेगा। जो सम्यक्त्व को अपनाएंगे, वह सही दिशा में चलेंगे। इस अध्याय में कहा गया है कि मुख्य रूप से राग-द्वेष सबको छोड़ना है। भीतर में जब तक राग-द्वेष है, मोक्ष का मार्ग प्रशस्त नहीं हो सकता। भले ही अच्छी से अच्छी क्रिया, स्वाध्याय कर ले लेकिन यदि राग-द्वेष नहीं छूटता है तो उसको मोक्ष का सुख प्राप्त होने वाला नहीं है। एक बड़े तालाब में जल आने से रोक दिया तो तालाब सूख जाएगा। इसी प्रकार तप करने से पाप कर्म नष्ट हो जाते हैं। अन्य धर्मों की अपेक्षा जैन धर्म में तप की महिमा बताई गई है। तप करने से मनोवांछित इच्छाएं फल देने वाली है। लेकिन तप कर्मनिर्जरा के लिए ही करना चाहिए। उन्होंने कहा तप 12 प्रकार के बताए गए हैं छः बाहय तप और छः आभ्यंतर तप। बाहय तप में अनशन यानी उपवास करना, बड़ी तपस्या करना। अनशन में संथारा आदि समाविष्ट हो जाते हैं। उणोदरी तप यानी भूख से कम भोजन करना। भाव, अभिग्रह भी इसी के प्रकार है। यह जितना सरल है उतना ही कठिन भी है। भिक्षा चर्या यानी घर घर जाकर आहार ग्रहण करना। इसमें विघई का त्याग करना। काय क्लेश यानी शरीर को उग्र आसनों से कष्ट देना। साधु का केशलोचन भी इसी का प्रकार है। प्रति संल्लीनता यानी स्त्री, पशु जहां हो, वहां नहीं रहना। उन्होंने कहा आभ्यंतर तप में गुरु के समक्ष आलोचना लेना, उसे प्रायश्चित कहते हैं। विनय, वैयावच्च, स्वाध्याय, ध्यान, कायोत्सर्ग में शुक्ल तप की ओर बढ़ना। कायोत्सर्ग में शरीर से हिलना, डुलना नहीं। इन तपों में सबसे सरल स्वाध्याय हैं और सबसे कठिन भी वही है। यह तपोमार्ग अपनाकर आप अपने जीवन को मोक्ष मार्ग की ओर प्रशस्त करें। उन्होंने कहा चरण विधि यानी विवेकपूर्ण प्रवृत्ति। विवेकपूर्ण प्रवृत्ति ही संयम है। एक ओर प्रवृत्ति के साथ निवृत्ति ले लेनी चाहिए। निवृत्ति असंयम की लेनी है। इसका अर्थ है प्रवृत्ति में संयम लेना। कोई भी कार्य करो, विवेकपूर्ण करो। संसार में रहना है तो असंयम से निवृत्ति ले लेनी। उन्होंने कहा मृत्यु आने से पहले धर्म साधना करने का उपयुक्त भव मानव जीवन तभी आत्मा को सदगति मिल पाएगी। महासंघ महामंत्री धमीचंद सिंघवी ने जानकारी देते हुए बताया युवाचार्य महेंद्र ऋषि जी म.सा. के तृतीय दिवस तेले तप की मौन साधना का मंगल पाठ दिनांक 1 नवम्बर को प्रातः 8 00 बजें प्रदान करेंगे उसे पूर्व श्रीमद उत्तराध्ययन सूत्र की अंतिम गाथा का स्वाध्याय हितेंद्र ऋषि जी द्वारा किया जाएगा । -प्रवक्ता सुनिल चपलोत

# दान धर्म का महत्व जानें : साध्वी प्रीति सुधा



**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

बुधवार को पंचायती नौहरा मुखर्जी चौक में विराजमान साध्वी उमराव कंवर, साध्वी प्रितीसुधा आदि ठाणा ने सभी श्रद्धालुओ को धन तेरस पर शुभकामनाएं और आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि धनतेरस एक ऐसा विषेश दिन है इस दिन व्यक्ति दान धर्म कर पुण्य कमा सकता है और कर्म निर्जरा कर सकता है। साध्वी ने धन तेरस की महत्ता बताई ओर पुच्छीस्सुणं का जाप भी करवाया तथा आचार्य देवेंद्र मुनिजी के जन्म जयंती पर गुणगान करते हुए कहा कि वह धर्म आराधना तप त्याग के शिखर थे, ऐसे महान पुरुषों का गुणगान करने के लिए शब्द भी कम पड़ जाए उनकी महानता को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है। तप रत्नेश्वरी संयम सुधा ने गीत के माध्यम से अपने भाव रखें । धर्मसभा में साध्वी हर्षप्रभा का भी सानिध्य प्राप्त हुआ। श्रावक संघ के अध्यक्ष सुरेश नागौरी ने जानकारी देते हुए कहा कि प्रखर वक्ता डॉ प्रीति सुधा जी ने दीपावली पर्व के अवसर पर मौन तेले तप की साधना में है। -प्रवक्ता निलिष्का जैन

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं



अमित बंसल
चैयरमेन महावीर इंटरनेशनल युवा ब्यावर
9468915922

भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं



ज्ञानचन्द
कमला देवी झांझरी
पंकज-प्रीति झांझरी
बी-101, युनिवर्सिटी मार्ग, बापू नगर, जयपुर मो. 9829013094



अश्विनी - मधु जैन गोधा
113 नेमीसागर कॉलोनी, वैशाली नगर जयपुर

भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

आदिनाथ मित्र मण्डल

| | | | |
|---|---|---|---|
| सुनील जैन<br>अध्यक्ष | राकेश गोदिका<br>संरक्षक | विमल जैन<br>वरिष्ठ उपाध्यक्ष | राजेन्द्र बाकलीवाल<br>मंत्री |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| संजय जैन 'आवा'<br>उपाध्यक्ष | साकेत जैन<br>उपाध्यक्ष | अशोक रांटी<br>संयुक्त मंत्री | अनिल जैन डोड्या<br>संयुक्त मंत्री | मुकेश जैन<br>कोषाध्यक्ष |

कार्यकारिणी सदस्य : टीकम जैन, अशोक सोगानी, राजेन्द्र जैन बोरखंडी, अनिल जैन (दोशी), अशीष शाह, अशोक जैन (आगरा रोड), पं. विनोद शास्त्री

भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

AMBITION KIDS ACADEMY JAIPUR

AMBITION
KIDS ACADEMY
A Smart Way Of Learning...
A Government Recognized
English Medium Co-educational School
A Fully AC School
Classes: P.G. to VIII
Mob.: 9828088810

भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
सबसे क्षमा क्षमा वीरस्य भूषणम् सबको क्षमा








Dolphin Waterproofing
For Your New & Old Construction
आधुनिक टेक्नोलॉजी से छत को रखे वाटरप्रूफ, हीटप्रूफ, वेदर प्रूफ पायें, सीलन, लीकेज व गर्मी से राहत एवं बिजली के बिल मे भारी बचत करें।
छत व दीवारों का बिना तोडफोड के सीलन का निवारण
Rajendra Jain
Dr. Fixit Authorised Project Applicator
80036-14691
116/183 Agarwal Farm opp. D Mart Mansoravar Jaipur

भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव एवं
दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं



लायन पीयूष - मोनाली सोनी जैन
मास्टर भव्य सोनी




फाउंडर अध्यक्ष- जैन सोशल ग्रुप ग्लोरी, जयपुर
अध्यक्ष- लायंस क्लब जयपुर आकाशदीप ( डिस्ट्रिक 3233 ई-1 )
महामंत्री- जयपुर शहर कांग्रेस कमेटी
निवास-वैशाली नगर, जयपुर मो. 9351880001, 7014948001



भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव एवं
दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं


KUMKUM PHOTOS
9829054966, 9829741147
Best Professional Wedding Photographer In Jaipur
WWW.KUMKUMPHOTOSJAIPUR.COM



भगवान महावीर
के
निर्वाणोत्सव व दीपावली
की
हार्दिक शुभकामनाएँ





जे के जैन, डा.करेश-अलीशा, विहान, अहान
पुनीत- निधि, युवान, आयरा पाटनी
पाटनी परिवार, कालाडेरा वाले
152-153, नेमीसागर कॉलोनी, वैशाली नगर, जयपुर



भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव एवं
दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

अनिल-अनिता जैन
अध्यक्ष: श्री भारत वर्षीय दिगम्बर जैन युवा महासभा, जिला जयपुर



परम संरक्षक: अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन सेंटल यूथ विंग, जयपुर
सचिव: रोटरी क्लब जयपुर नॉर्थ
राष्ट्रीय संयोजक: श्री भारत वर्षीय दिगम्बर जैन युवा महासभा (सदस्यता प्रकोष्ठ )
प्रोजेक्ट डायरेक्टर: चित्रकला प्रतियोगिता, आर.जे. ओ.
परम संरक्षक: अखिल भारत वर्षीय दिगम्बर जैन युवा परिषद् जिला जयपुर
अध्यक्ष (टोंक रोड ) : अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन युवा परिषद
उपाध्यक्ष: सखी गुलाबी नगरी
सांस्कृतिक मंत्री : श्री भारत वर्षीय दिगम्बर जैन युवा महासभा






नवकार किचन एंड हार्डवेयर नवकार इंटीरियर्स
शॉप न. 22 न्यू आतिश मार्केट, जयपुर मो. 9530297446

# अन्तर्मना आचार्य प्रसन्न सागरजी महाराज के प्रवचन से....



**कुलचाराम, हैदराबाद. शाबाश इंडिया**

प्रभु भक्ति, गुरू कृपा और आत्म विश्वास..
असम्भव को भी सम्भव करा सकता है..!
किसी भी लक्ष्य को पाने के लिये ये तीन कार्य बहुत मायने रखते हैं --
प्रभु भक्ति से शक्ति,
गुरू कृपा से दिशा, और
आत्म विश्वास से सफलता चरणों की दासी बन जाती है।

ध्यान रखना! प्रभु और गुरू जानने की नहीं, मानने की चीज है। यदि आप प्रभु भक्त और गुरू के शिष्य हैं, तो एक बात अपने जहन में बसा लें - गुरू कृपा और प्रभु भक्ति से हम अपने लक्ष्य को सहजता से प्राप्त कर सकते हैं।

मीरा सी भक्ति, एकलव्य सा समर्पण जब अन्तर्मन में उपजता है तो श्रद्धा का फूल विश्वास की हवा को कभी खिरने नहीं देता। जो गैर जिम्मेदार है, वह ना समर्पण कर सकते और ना कुछ प्राप्त कर सकते, क्योंकि समर्पण और श्रद्धा ही आत्म निर्भर और आत्म विश्वास को पैदा करती है। जैसे 100 रुपए में 50 रुपए निहित है, वैसे ही आत्म विश्वास में निडरता और आत्म निर्भरता निहित है। यदि आपके पास सौ रुपए नहीं है तो हजार भी नहीं होंगे। इसी प्रकार जिनको अपनी श्रद्धा-भक्ति, आत्म विश्वास पर डाऊट है, वे लोग कभी -- ना सफल हो सकते, ना आत्म निर्भर।

**समर्पण का अर्थ है:**
साहिल भी तू है, किनारा भी तू है। पार करना या डूबोना सब तेरे हाथ में है...।

**-नरेंद्र अजमेरा, पियुष कासलीवाल औरंगाबाद**

## कच्ची बस्ती मे आमजन के साथ दीपोत्सव मनाया



कुचामन सिटी. शाबाश इंडिया। सबको प्यार सबकी सेवा जीवो और जीने दो के उदेश्यो वाली संस्था महावीर इन्टरनेशनल वीराधरा द्वारा सभी पर्व आमजन के साथ मनाने की परिपाटी के साथ आज बुधवार को स्टेडियम के पास कच्ची बस्ती के जरुरतमंद के साथ वीराधरा की प्रेरणा से श्रीमती बिमला देवी, वीरा सविता, वीर नरेश कुमार झाझरी परिवार के सोजन्य से जरुरतमंद 51 परिवारो को मीठाई का डब्बा, दीपक, तेल, मोमबत्ती रुई, बिस्कुट व दीपावली पर्व मनाने के सामान देकर दीपोत्सव मनाते अध्यक्षा वीरा सरोज पाटनी, कोषाध्यक्ष वीरा मंजू बडजात्या, वीर नरेश सविता सलोनी आदित्य झांझरी, कलावती, भवरी देवी, चाहिता जैन सजय सेठी प्रदीप काला प्रवीण बडजात्या ने दीपोत्सव की खुशियाँ मनाने में सहयोग किया।


भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं




पदम चन्द जैन (बिलाला) - पुष्पा देवी बिलाला
CA पारस बिलाला-दीपिका जैन
Er. पहुप बिलाला-रूचिका जैन
आदिश्री, आदिश, आदित, आदिवा
निवास: 21, शिवा कॉलोनी, इमली फाटक, जयपुर-15
मो. 9314524888, 9314024888

CA INDIA
Jain Paras Bilala & Co.
CHARTERED ACCOUNTANTS
OUR OFFICES :
New Delhi, Mumbai, Chennai, Kolkata, Noida, Kota, Jodhpur, Udaipur, Ajmer, Triuppur (TN), Dibrugarh (Assam)





भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप नवकार


मोहनलाल गंगवाल
अध्यक्ष


नवीन सैन जैन
संस्थापक अध्यक्ष


सुरेश जैन बांदीकुई
कार्याध्यक्ष


कैलाश सेठी
कोषाध्यक्ष

अतिरिक्त सचिव
सुरेश कुमार बज
संरक्षक
सतीश कुमार बाकलीवाल,
निहालचंद सोगानी,
विजय कुमार दीवान,
प्रो. आई.पी.जैन,
डॉ. सुनील कुमार जैन
सुभाष सेठी
पर्यटन मंत्री
सुरेन्द्र कुमार जैन
सह संगठन मंत्री
अनिल कुमार गोधा
सुलोचना पाटनी
सांस्कृतिक मंत्री
कौशल्या जैन
राज कुमारी सोगानी
रानी पाटनी

पूर्व अध्यक्ष
महावीर बाकलीवाल
मुख्य परामर्शक
चन्द्र कांता छाबड़ा
सलाहकार
कुन्दन मल जैन सोनी,
डॉ. के. के. कासलीवाल
महावीर कुमार गोदिका
खादय मंत्री
किशन चन्द जैन
ज्ञान चन्द जैन
संतोष जैन
प्रचार मंत्री
प्रेम सेठी
राकेश कुमार जैन


मुख्य समन्वयक
शशी सेन जैन
संगठन मंत्री
नरेन्द्र कुमार जैन,
वीरेन्द्र कुमार जैन
सह कोषाध्यक्ष
अजीत कुमार जैन
धार्मिक मंत्री
पूरणमल अनोपडा
ज्ञान चन्द गंगवाल
नरेन्द्र कुमार बाकलीवाल
उपाध्यक्ष
धर्म चन्द जैन
(निवाई वाले),
अरुण कुमार जैन,
नरेंद्र कुमार पाटनी

वरिष्ठ उपाध्यक्ष
राजेन्द्र बाकलीवाल (बस्सी वाले)
योजना मंत्री
पदम चन्द टारा
डॉ. सुशीला जैन टोंग्या
वीणा जैन
संचालक गण
सुशीला त्यागी
रतन सोगानी
डॉ. आभा जैन
मन्जू पुरी
आशा अग्रवाल
इन्दु दोशी
रेणु बांकीवाल

एवं समस्त दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप नवकार परिवार

# दीपस्य प्रकाशः न केवलं भवतः गृहम उज्जवलायतू जीवनम अपी।


भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं



संरक्षक
महिला मंडल दुर्गापुरा
*
अध्यक्ष
त्रिशला संभाग दुर्गापुरा
*
समन्वयक, टोंक रोड,
राजस्थान जैन युवा महासभा
*
प्रभारी दुर्गापुरा,
भारतवर्षीय दिगंबर जैन युवा महासभा

राजकुमार-चंदा सेठी
प्लाट नं. 91, श्री जी नगर,
दुर्गापुरा, जयपुर

भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं





आर. बडजात्या केटर्स
Mouth Watering Taste and High Class Catering for your memorable event.
Birthday, Engagement, Anniversary, Wedding, Mehendi, Haldi, Get-Together
एस-9, मंगल मार्ग, बापू नगर, जयपुर
मो. 9785074581, 9887866995, 8952843828

भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

RAJEEV-SEEMA JAIN
MD
M/s. GULSHAN RAI JAIN-II
('AA' Class Govt. Contractor)
94140 54571, 99280 90772 gulshanraijain@gmail.com

भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं



प्रकाश चन्द चांदवाड़
मनोरमा जैन चांदवाड़
अध्यक्ष:-
श्री चन्द्रप्रभु दिगम्बर जैन मंदिर, दुर्गापुरा, जयपुर,
निवास:- 84 चन्द्रकला कॉलोनी, दुर्गापुरा, जयपुर
मो. 9352584137

भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं



शुभेच्छु
डॉ. राजीव-अंजू जैन
जोन चेयरपर्सन लायंस क्लब, ■ संयुक्त सचिव: जैन सोश्यल ग्रुप नॉर्दन रीजन
पूर्व अध्यक्ष- लायंस क्लब राईजिंग स्टार ■ पूर्व अध्यक्ष- रॉटरी क्लब जयपुर नॉर्थ
■ पूर्व अध्यक्ष- जैन सोश्यल ग्रुप महानगर

भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं



प्रदीप-कामिनी जैन गोदिका
पियूष-आकांक्षा जैन, जयपुर

# नवयुवक मण्डल मेहराना द्वारा रक्तदान शिविर में 23 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ



**बूंदी. शाबाश इंडिया**

ब्लड डोनर रामलक्ष्मण मीणा नर्सिंग ऑफिसर के जन्मदिन के अवसर के लिए 30 अक्टूबर 2024 को नवयुवक मण्डल मेहराना गांव द्वार रक्तदान शिविर का आयोजन लाल बाई माता जी मन्दिर परिसर में किया गया जिसमें 23 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ, यह रक्त एमबीएस ब्लड बैंक कोटा की टीम ने संग्रहित किया। इस अवसर पर लालबाई माता जी की पूजा अर्चना करके रक्तदान शिविर की शुरूआत की। रक्तदान शिविर का आयोजन राजेन्द्र पण्डित, परमानन्द मीणा, चिन्टू सुमन, धनराज सुमन, रामलक्ष्मण मीणा नर्सिंग ऑफिसर, रामलाल मीणा ईश्वर नगर, सुखपाल मीणा सांवलपुरा, राकेश मीणा, दिलराज केवट, रोहित सीनम तीरथ, ब्रह्मानन्द मीणा हालिडा द्वारा रक्तदान शिविर को गति देकर आगे बढ़ाया और सफल पूर्वक 23 यूनिट रक्तदान किया। रक्तदान जीवनदान टीम बूंदी संस्थापक ब्लड डोनर रामलक्ष्मण मीणा नर्सिंग ऑफिसर ने बताया कि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को एक वर्ष में 2 से 4 बार रक्तदान करना चाहिए जिससे इमरजेंसी में सबको सही समय पर ब्लड मिल सके और ब्लड की वजह से किसी की जान नहीं जाये।

# दिवाली के लिए यातायात व्यवस्था में परिवर्तन

## 2 नवंबर तक परकोटा, एमआई रोड, टोंक रोड, जेएलएन मार्ग पर पार्किंग नहीं करें

**जयपुर. कासं।** दिवाली के अवसर पर 2 नवंबर तक यातायात व्यवस्था में परिवर्तन किया गया है। बाजारों में खरीदारी करने व रोशनी देखने वाले लोगों की सुविधा के लिए परिवर्तन किया जा रहा है। 2 नवंबर तक पूरा परकोटा, एमआई रोड, अशोका मार्ग, भगवानदास रोड, पृथ्वीराज रोड, टोंक रोड, जेएलएन मार्ग, संसार चन्द्र रोड सहित सभी प्रमुख मार्गों पर पार्किंग निषेध रहेगी। दर्शक चांदपोल गेट से छोटी चौपड़, बड़ी चौपड़, रामगंज चौपड़ तक एवं छोटी चौपड़ से अजमेरी गेट व बड़ी चौपड़ से सांगानेरी गेट तक एक तरफ पैदल जा सकेंगे।

अजमेरी गेट: इस गेट से हल्के वाहन किशनपोल बाजार होते हुए छोटी चौपड़ से चांदपोल बाजार, संजय सर्किल से संसार चन्द्र रोड होकर निकलेंगे।

त्रिपोलिया बाजार रोड मीडियन के दाहिनी तरफ से त्रिपोलिया टी-पॉइन्ट, चौड़ा रास्ता, न्यू-गेट से रामनिवास बाग व मान प्रकाश स्लिप लेन से टोंक रोड एवं जेएलएन मार्ग पर जाएंगे

सांगानेरी गेट : इस गेट से प्रवेश करने वाले वाहन जौहरी बाजार, बड़ी चौपड़ से त्रिपोलिया बाजार, चौड़ा रास्ता, न्यू गेट से रामनिवास बाग की तरफ निकलेंगे।


घाटगेट : इस गेट से प्रवेश करने वाले हल्के वाहन घाटगेट बाजार, रामगंज चौपड़ से बड़ी चौपड़, 4 दरवाजा व सूरजपोल गेट से निकलेंगे।

**यहां नो व्हीकल जोन:** रामनिवास बाग चौराहा से सांगानेरी गेट के मध्य, बापू बाजार, नेहरु बाजार, इन्दिरा बाजार, बांदरवाल गेट से बड़ी चौपड़ के मध्य, छोटी चौपड़ से सार्दुल सिंह की नाल, गणगौरी बाजार तक नो-व्हीकल जोन रहेगा।

# दीपावली पर काव्य पाठ से गूंजा आकाश दीप




**कोलकाता. शाबाश इंडिया।** सेगेशियश टीचर्स एंड इमपलाइज एशोसियेशन पश्चिम बंगाल के तत्वावधान मे आयोजित कवि सम्मेलन की शुरूआत वीणावादिनी की वंदना युवा कवि विकास ठाकुर ने की। संस्था के अध्यक्ष अश्विनी राय ने स्वागत वक्तव्य में कहा कि रचनाकार सही अर्थो में समाज का दर्पण होता है वह सही रास्ता दिखाता हैं ।सच्चा रचनाकार संवेदना का सागर अपने ह्रदय में छिपाये रहता है ।वह देश की मिट्टी का चारण होता है, परन्तु यथार्थ का चित्र उकेर कर दिशा निर्देश भी करता है ।यही श्रेय-प्रेय का गठबंधन उसे अच्छे साहित्यकार की श्रेणी में प्रतिष्ठित कराता है ।इस दीपावली के पावन अवसर पर प्रबुद्ध कवियों में मोहम्मद अयूब, प्रदीप मिश्र 'उर्मिल ', सहर मजिदी, राम नारायण झा 'देहाती ', शबाना सैयद, रूपम महतो, ओमप्रकाश चौबे, विजय इसर 'वत्स ', डॉ मनोज मिश्र, डॉ रमाशंकर सिंह, डॉ राजन शर्मा ने अपनी कविता, गीत, गजल, मुक्तक से दर्शक दीर्घा में बैठे समस्त श्रोताओं को खूब आनन्दित किया। कार्यक्रम की अधयक्षता वरिष्ठ साहित्यकार चन्द्रिका प्रसाद पाण्डेय 'अनुरागी 'मुख्य अतिथि गजेन्द्र नाहटा, विशिष्ट अतिथि रामपुकार सिंह 'पुकार गाजीपुरी ', बांग्ला के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ देवव्रत मुखोपाध्याय मंच पर परिलक्षित थे। समारोह का सफल संचालन प्रदीप कुमार धानुक व धन्यवाद ज्ञापन संस्था सचिव अश्विनी सिंह ने किया जय प्रकाश राम, चंदन सोनकर सक्रिय रहे।



# महाअतिशयकारी ज्ञानोदय तीर्थ क्षेत्र नारेली रंग-बिरंगी भव्य एवं आकर्षक रोशनी से हुआ जगमग






रोहित जैन. शाबाश इंडिया

नारेली। श्री दिगम्बर जैन महाअतिशयकारी ज्ञानोदय तीर्थ क्षेत्र नारेली में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी संपूर्ण क्षेत्र परिसर एवं पहाड़ी पर भव्य रंग-बिरंगी रोशनी की सजावट की गई है। संस्था के अध्यक्ष मनीष गदिया एवं प्रचार-प्रसार संयोजक कमल गंगवाल ने बताया कि नारेली परिसर के सभी जिनालयों, धर्मशालाओं, उद्यानों, मुख्य प्रवेश द्वार से लेकर पहाड़ी के शीर्ष तक पहुंचने वाले पूरे मार्ग, पहाड़ी पर स्थित 141 फीट ऊंचे तीस चौबीसी मंदिर, त्रिकाल चौबीसी मंदिरों और त्रिमूर्ति जिनालय को इस विशेष सजावट का हिस्सा बनाया गया है। समिति के कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गदिया और महामंत्री अतुल ढीलवारी ने बताया कि इस तीर्थ क्षेत्र का निर्माण परम पूज्य गुरुदेव निर्यापक श्रमण तीर्थ चक्रवर्ती मुनिपुंगव 108 श्री सुधासागर जी महाराज के आशीर्वाद से हुआ है। इस अद्वितीय रोशनी की सजावट में विभिन्न प्रकार की सुंदर लाइटों का उपयोग किया गया है, जो 2 नवंबर तक आमजन के दर्शन के लिए उपलब्ध रहेगी। नारेली परिसर सांय 6:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक दर्शनार्थ खुला रहेगा, और अजमेर शहर व आसपास के क्षेत्रों से हजारों लोग इसे देखने आ रहे हैं।

**निर्वाण मोदक लड्डू का भव्य चढ़ावा:** क्षेत्र के प्रभारी ब्र. सुकांत भैया के निर्देशन में दीपावली एवं निर्वाण महोत्सव के पावन अवसर पर, 1 नवंबर को प्रातः 9:00 बजे निर्वाण मोदक लड्डू का चढ़ावा होगा। इसके साथ ही विशेष शांतिधारा विधान और कलशाभिषेक का आयोजन किया जाएगा।



# विश्व वन्दनीय भगवान महावीर का 2551 वां निर्वाणोत्सव शुक्रवार 1 नवम्बर को

## चढ़ेगा मोक्ष का प्रतीक निर्वाण लाडू, जैन धर्म का नया साल वीर निर्वाण संवत 2551 का होगा शुभारंभ

**कोटखावदा. शाबाश इंडिया**

विश्व वन्दनीय, जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर का 2551 वां निर्वाणोत्सव शुक्रवार , 1 नवम्बर को भक्ति भाव से मनाया जावेगा इस मौके पर कस्बे सहित ज़िले के दिगम्बर जैन मंदिरों में पूजा अर्चना सहित निर्वाण लाडू चढाने के विशेष आयोजन किए जाएंगे। राजस्थान जैन युवा महासभा के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन 'कोटखावदा 'ने बताया कि प्रातः अभिषेक, शांतिधारा के बाद भगवान महावीर की अष्ट द्रव्य से पूजा-अर्चना की जाएगी। पूजा के दौरान निर्वाण काण्ड भाषा के सामूहिक उच्चारण पश्चात जयकारों के साथ मोक्ष कल्याणक अर्घ्य तथा निर्वाण लाडू चढाया जाएगा। श्री जैन के अनुसार श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र पदमपुरा में मुनि मार्दव नन्दी महाराज, मुनि महिमा सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में अध्यक्ष एडवोकेट सुधीर जैन एवं मानद् मंत्री एडवोकेट हेमंत सोगानी के नेतृत्व में नवीन वर्षाभिनन्दन - वीर निर्वाण सम्वत 2551 का स्वागत किया जाएगा। भगवान महावीर के मोक्ष कल्याणक दिवस पर प्रातः 9.00 बजे निर्वाण लाडू चढाया जायेगा। श्री जैन के मुताबिक चाकसू के श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर कोट, चाकसू के आदिश्वर धाम, कोटखावदा के श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र मंदिर बड़ा बास में अध्यक्ष महावीर गंगवाल एवं मंत्री दीपक वैद के नेतृत्व में प्रातः निर्वाणोत्सव मनाया जाकर निर्वाण लाडू चढाया जावेगा। श्री जैन के मुताबिक श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर गढ का बास, श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन चैत्यालय में मोक्ष का प्रतीक निर्वाण लाडू चढाया जाएगा। श्री जैन के मुताबिक बापू गांव के श्री नेमीनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र छोटा गिरनार में आचार्य प्रज्ञा सागर महाराज के आशीर्वाद से निर्वाणोत्सव मनाया जाएगा इस मौके पर अध्यक्ष प्रकाश बाकलीवाल के नेतृत्व में प्रातः अभिषेक, शांतिधारा, पूजा अर्चना के बाद प्रातः 9.00 बजे निर्वाण लाडू चढाया जावेगा। श्री जैन के मुताबिक निमोडिया,रुपाहेडी, काशीपुरा,बस्सी सहित कई मंदिरों में पूजा अर्चना व मोक्ष कल्याणक के विशेष आयोजन होगें।



**भगवान महावीर का अमावस्या को प्रातः काल हुआ था महानिर्वाण:** राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि उत्तर पुराण में आचार्य गुणभद्र ( 7- 8 वीं शताब्दी ) ने लिखा है कि 15 अक्टूबर,527 बीसीई कार्तिक कृष्णा अमावस्या स्वाति नक्षत्र के उदय होने पर भगवान महावीर ने सुप्रभात की शुभ बेला में अघातिया कर्मों को नष्ट कर निर्वाण प्राप्त किया था ।उस समय दिव्यात्माओं ने महावीर प्रभू की पूजा की और अत्यंत दीप्तिमान जलती प्रदीप-पंक्तियों के प्रकाश में आकाश तक को प्रकाशित करती हुई पावां नगरी सुशोभित हुई। सम्राट श्रेणिक आदि नरेन्द्रों ने अपनी प्रजा के साथ निर्वाण उत्सव मनाया ।उसी समय से प्रति वर्ष महावीर जैनेन्द्र के निर्वाण को अत्यंत भाव एवं श्रद्धा पूर्वक मनाया जाकर नैवेद्य ( लाडू ) से पूजा की जाती है। श्री जैन ने बताया कि इसका उल्लेख प्रसिद्ध जैन ग्रंथ हरिवंश पुराण में भी हैं ।जैन धर्म के तेईसवें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ के 256 वर्ष साढ़े तीन माह बाद महावीर का जन्म हुआ था ।72 वर्ष की उम्र के अन्त में श्री शुभ मिती कार्तिक कृष्णा चतुर्दशी के अन्त समय ( अमावस्या के अत्यंत प्रातः काल ) स्वाति नक्षत्र में मोक्ष लक्ष्मी को प्राप्त किया ।उसी समय भगवान महावीर के प्रथम गणधर श्री गौतम स्वामी को केवल ज्ञान रुपी लक्ष्मी प्राप्त हुई और देवों ने रत्नमयी दीपकों का प्रकाश कर उत्सव मनाया।

**वीर निर्वाण सम्वत 2551 का होगा शुभारंभ-जैन संतों के चातुर्मास का होगा निष्ठापन:** जैन धर्मावलम्बियों का नया साल वीर निर्वाण सम्वत 2551 का कार्तिक कृष्णा अमावस्या, शुक्रवार, 01 नवम्बर को शुभारंभ होगा। राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन 'कोटखावदा' ने बताया कि इससे पूर्व वीर निर्वाण सम्वत 2550 का समापन होगा। जैन के मुताबिक इसी दिन दिगम्बर जैन आचार्यों, मुनि, आर्यिकाओं, क्षुल्लक, क्षुल्लिकाओं के चातुर्मास का निष्ठापन एवं वर्षायोग का समापन होगा। श्री जैन के मुताबिक इसी दिन आचार्य भरत सागर महाराज का 18 वां समाधि दिवस एवं सायंकाल भगवान महावीर के प्रथम गणधर गौतम स्वामी का केवल ज्ञान दिवस मनाया जाएगा। इस मौके पर की साधु संतों द्वारा संयम का उपकरण पिच्छिका परिवर्तन भी किया जाएगा।

## सीएम भजनलाल ने की पीएम मोदी से मुलाकात :उप चुनाव का दिया फीडबैक; प्रदेशवासियों की ओर से दीपावली की दी शुभकामनाएं

**जयपुर. कासं।** सीएम भजनलाल शर्मा ने दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करके उन्हें प्रदेशवासियों की ओर से दीपावली के पर्व की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर सीएम ने शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए देशवासियों की खुशहाली की कामना भी की। बताया जा रहा है कि इस मौके पर सीएम भजनलाल शर्मा ने पीएम नरेन्द्र मोदी को प्रदेश की 7 सीटों पर होने वाले उप चुनावों का फीडबैक भी दिया। वहीं राइजिंग राजस्थान ग्लोबल समिट को लेकर भी पीएम मोदी को जानकारी दी। प्रदेश में उप चुनावों के मद्देनजर दीपावली बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दौरा बन सकता हैं। सरकार पीएम मोदी से ईआरसीपी का शिलान्यास करवाना चाहती थी। इसे लेकर 27 अक्टूबर को पीएम मोदी का जयपुर दौरा बन भी रहा था। लेकिन बाद में यह दौरा स्थगित हो गया। अब चर्चा है कि दीपावली के बाद पीएम मोदी की एक सभा प्रदेश में आयोजित हो सकती हैं। इसे लेकर भी आज सीएम भजनलाल शर्मा ने पीएम मोदी से समय मांगा। अब जैसे ही पीएमओ से समय मिलता है पीएम मोदी के दौरे की तारीख तय हो जाएगी।



# सतर्कता जागरूकता सप्ताह में रंगोली सजाई फूड मेला लगाया

## थर्मल सीआईएसएफ ने मनाया दीपोत्सव

**आजाद शेरवानी. शाबाश इंडिया**

कोटा। के ओ सु ब थर्मल इकाई द्वारा प्रभारी उप कमांडेंट राकेश निखज के नेतृत्व में सतर्कता जागरूकता सप्ताह - 2024 के अन्तर्गत थर्मल कालोनी के टेनिस ग्राउण्ड में रंगोली प्रतियोगिता और फूड मेले का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कोटा थर्मल के मुख्य अभियन्ता के एल मीणा एवं उनकी धर्मपत्नी ने दो सौ दीपक प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया । बल सदस्यों और महिलाओं के द्वारा ''हम नारी नारायणी'' थीम पर पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए 12 रचनात्मक रंगोली बनाई जिसको एडवोकेट श्रीमती निहारिका सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती कल्पना एवं विहुल जैन के तीन पैनल के निर्णायक दल के द्वारा अलग अलग मापदंडों से परखकर तीन विजेताओं का चयन किया गया। मुख्य अभियन्ता द्वारा तीनों विजेताओं अर्जिता (पुत्री संतोष), बी धनुश्री (पुत्री बालाजी) को प्रथम कोमल धाकड़ (पत्नी रोहित नागर) को द्वितीय एवं अर्चना कुमारी (पुत्री कालीचरण) को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया और सराहना करते हुए कहा कि सभी प्रतियोगियों ने बहुत ही मेहनत से रंगोली तैय्यार की हें बहुत सुन्दर और सन्देशपूर्ण थीं। इकाई बल के सदस्यों एवं महिलाओं के द्वारा फूड मेले का भी आयोजन किया गया मेले में आने वाले सभी नागरिकों एवं मुख्य अभियन्ता ने मेले की प्रशंसा की मेले में खरीदारी के लिये असंगठित क्षेत्र के पुरुष व महिला कारीगरों ने स्वनिर्मित वस्तुओं की दुकानें लगाईं जिसमें मिट्टी से निर्मित दीपक, सुराही, मटके, कागज से बने फूल मालायें व सजावट की वस्तुएँ शामिल थीं जिसका मुख्य प्रयोजन इनको दीपावली के पावन अवसर पर मुख्य धारा में जोड़कर आर्थिक सहायता एवं प्रसन्नता का एहसास करवाना था। दीपावली के शुभ अवसर पर किये गये कार्यक्रम को मुख्य अतिथि एवं तीनों निर्णायकों द्वारा बहुत ही रचनात्मक एवं मनमोहक कार्यक्रम बतलाया मुख्य अतिथि के एल मीणा द्वारा उक्त कार्यक्रम को ''छोटी छोटी खुशियाँ'' प्रदान करने वाला बतलाया और कार्यक्रम की सराहना की। कार्यक्रम के अन्त में राकेश निखज ने मुख्य अतिथि तीनों निर्णायकों कार्यक्रम में शामिल होने वाले सभी प्रतियोगियों एवं नागरिकों का आभार व्यक्त किया और कहा कि बहुत ही अल्प समय में किये गये कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये सभी बल के सदस्यों ने मेहनत की है। धन्यवाद देते हुए अनुरोध किया कि वे इस दिवाली पर असंगठित क्षेत्र के लोगों द्वारा तैयार स्वनिर्मित वस्तुओं को खरीद कर उनको आर्थिक सहायता प्रदान करें जिससे उनको भी दीपावली के पावन पर्व पर खुशियाँ प्राप्त हो सकें।








सखी गुलाबी नगरी
दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ
HAPPY Diwali
FESTIVAL OF LIGHTS
सखी
गुलाबी नगरी
सारिका जैन
अध्यक्ष
स्वाति जैन
सचिव
अनिता जैन
उपाध्यक्ष
सुषमा जैन
उपाध्यक्ष
ममता सेठी
संयुक्त मंत्री
मोनिका जैन
संयुक्त मंत्री
रितु जैन
संयुक्त मंत्री
नेहा जैन
कोषाध्यक्ष
मनीषा जैन
सांस्कृतिक मंत्री
रेशमा गोदीका
ग्रीटिंग कॉर्डिनेटर
आशा जैन
पी.आर.ओ.
अंशु जैन
इंदु जैन
नीलू जैन
निकिता जैन
रानी पाटनी
सुनीता जैन
सुनीता कसेरा
सरोज जैन
दिव्या जैन


शुभ दीपावली
दीपक की रौशनी, पटाखों की आवाज
सूरज की किरणे, खुशियों की बोछार
चन्दन की खुशबु, अपनों का प्यार
मुबारक हो आपको दिवाली का त्योहार !
विनोद कुमार जैन
शास्त्री - ज्योतिषाचार्य
वास्तु एवं जन्मपत्री विशेषज्ञ,
जयपुर
अभिनंदन ज्योतिष संस्थान
9828076193
Gungun Paradise Jewels
607, Nagorio Ka Chowk, Bordi Ka Rasta, Kishan Pol Bazar Jaipur 302003
Vikram: 9529490441
Manoj: 9314527732


भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
Umrao Mal Sanghi
President
Shri Mahaveer Digamber Jain Shiksha Parishad
Jaipur
Naveen Sanghi
Director
Jain Saraogi Cold Storage
Jaipur


भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव एवं
दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
गुणमाला देवी धर्मपत्नी स्व. श्री मोहनलाल जी गंगवाल
दिनेश-संगीता गंगवाल, समकित-गरिमा गंगवाल
(साड़ी घर वाले)
247-248, महावीर नगर, दुर्गापुरा, जयपुर


भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
संजय-सपना
आहना, अनीशा, अरिन
एवं समस्त छाबड़ा परिवार
आवां वाले, जयपुर


BEAWAR
Largest Education Group
राजस्थान का एक मात्र इन्टरनेशनल प्रमाणित
श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति (रजि.)
(An I.S.O. 9001 : 2015 Certified) | (An I.S.O. 14001 : 2015 Certified) | (An I.S.O. 21001 : 2018 Certified) | (An I.S.O. 45001 : 2018 Certified)
संचालित संस्थाएं
Join us
श्री वर्द्धमान कन्या पी. जी. महाविद्यालय
Affiliated to M.D.S. University, Ajmer
BCA, B.Sc. (Maths/Bio.), B.Com, B.A., M.A., M.Com.
Call : 9413041326, 8764939500
E-mail : vardhmancollegebwr@gmail.com
Website : vardhmangirlscollege.com
Affiliated to C.B.S.E. New Delhi
भंवरलाल गोठी पब्लिक सीनियर सैकेण्डरी स्कूल
English Medium Co-Educational School
1st to 12th Science (Maths/Bio.), Commerce, Humanities
Call : 01462-254024, 256024
SESSION 2024-25
सफलता का मार्ग, चुनें हमारे साथ
Play Group to HKG
DAY SESSION 1.00 - 4.00 PM
वर्द्धमान इन्टरनेशनल स्कूल
वर्द्धमान रूट्स
Call : 8104366056, 8764939300, 8764939400
E-mail : vardhmaninternationlpgschool@gmail.com
Narsingh Agrasen Jain Vidhyapeeth, Beawar
श्री नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ
English Medium Co-Educational School
Play Group to XII Science | Commerce
Call : 7240312942, 7742244090, 9413905855
Website : najvidhyapeeth.com | Email : najvidhyapeeth@gmail.com
Music Classes for Womens, Girls
स्वरांजली
Rhythm of Vardhman
Call : 8005758788, 8764939600
वर्द्धमान इन्स्टीट्यूट ऑफ फैशन डिजाईनिंग एण्ड मेकअप आर्टिस्ट
Affiliated to Rajasthan ILD Skills University
MAKEUP HAIR BEAUTY
FASHION DESIGNING & MAKEUP ARTIST COURSE
नृत्यांजलि
वर्द्धमान नृत्य पाठशाला
Call : 9829038355, 8005636501
श्री वर्द्धमान स्पोर्ट्स एकेडमी
Call : 01462-251291, 9413041326
OUTSIDE NEHRU GATE, NEAR KRISHNA COLONY, BEAWAR (RAJ.)
shreevardhmanshikshansamiti@gmail.com www.vardhmanshikshansamiti.com


भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव एवं
दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
MPHF Rtn. Sudhir Jain
M.Com., LLB, JD
Charter President & Trainer Rotary Club Jaipur Citizen
President, international vaish mahasammeln jaipur central
Founder President, Jain Citizen Foundation Trust
F. President & Patron Lion Club Jaipur Diamond
F. President, Jain Social Group Capital
President: shridharam foundation.
Dev. Officer, LIC of India, B.O.1, B.S. Road, Jaipur
A-1, Krishna nagar-II, Lal Kothi, Jaipur | 9829012639
Ph.: 0141-2744820, 4026130 | lionsudhirjain@gmail.com

# बाहर के दीपक के साथ अंदर का दीपक भी प्रज्ज्वलित करें



**डॉ सुनील जैन संचय ललितपुर**

भारत देश धर्म प्रधान देश है, यहाँ की संस्कृति अहिंसा प्रधान संस्कृति है। इस देश में धर्म निरपेक्ष शासन प्रचलित है। त्यौहार हमारी संस्कृति एवं सभ्यता के प्रतीक हैं, इनका सम्बन्ध भी प्राचीन महत्वपूर्ण घटनाओं से जुड़ा होता है। यहाँ पर धार्मिकता को लिये हुए अनेकों पर्व मनाये जाते हैं। दीपावली पर्व को सारे देश में बहुत ही उत्साह-उमंग के साथ मनाया जाता है। अधिकतर धर्म-सम्प्रदायों में इस पर्व को मनाने का कोई ना कोई उद्देश्य अवश्य है। वैष्णव मान्यतानुसार मर्यादा-पुरुषोत्तम रामचंद्र जी द्वारा दशहरे को रावण का वध करके इस दिन अयोध्या पधारने पर पुरवासियों ने दीपक जलाये थे, दीपावली उसी की स्मृति का पर्व है। और एक उक्ति यह भी है कि इसी दिन श्री कृष्ण ने नरकासुर का वध किया था। भगवती दुर्गा देवी इस दिन अपने पतिगृह गई थी। अब से लगभग साढ़े तीन सौ वर्ष पूर्व सिक्खों के 6ठे गुरु श्री हरगोविन्दजी मुगल बादशाह की कैद से इसी दिन छूटे थे। इस प्रकार सभी धर्मों में अपनी अपनी अलग-अलग मान्यतायें हैं दीपावली पर्व को मनाने की। जैनदर्शन में दीपावली पर्व को मनाने का एक अनूठा एवं तथ्यपरक इतिहास है। यह पर्व जैनधर्म में भगवान महावीर स्वामी से जुड़ा हुआ है। हमारे देश में वीर निर्वाण संवत, विक्रम संवत, शक संवत, शालिवाहन संवत, ईस्वी संवत, गुप्त संवत, हिजरी संवत आदि प्रचलित हैं लेकिन वीर निर्वाण संवत सबसे पुराना सम्वत है। यह हिजरी, विक्रम ईस्वी, शक आदि से अधिक पुराना है तथा जैन धर्म की प्राचीनता अपने स्वतंत्र मान्यता का उदघोषक है। ईसा से 527 वर्ष पूर्व कार्तिक कृष्ण अमावस्या को दीपावली के दिन ही भगवान महावीर का निर्वाण हुआ था। उसके एक दिन बाद कार्तिक शुक्ल एकम से भारतवर्ष का सबसे प्राचीन संवत 'वीर निर्वाण संवत' प्रारंभ हुआ था। जैन ''वीर निर्वाण संवत'' भारत का प्रमाणिक प्राचीन संवत है। इस वर्ष भगवान महावीर स्वामी का 2550 वां निवाणोत्सव व्यापक रूप से वर्ष भर विविध आयोजनों के साथ मनाया जाएगा। जिस दिन मानव के अंतर को दीपोत्सव पर्व की एक कोमल, जगमगाती रोशनी छू लेगी, उसी दिन से जीवन की कुहासा-निराशा छंटने लगेगी और जीवन आलोक का नया प्रतीक, पर्याय बन जाएगा। इस आलोक में ही जीवन का लक्ष्य दृष्टिगोचर हो सकता है और इस लक्षित लक्ष्य का सघन मर्म समझ में आ सकता है। दीपावली पर जलने वाले दीपकों की संख्या एक-दो नहीं, हजारों होती है, परंतु इससे बाहर का अंधकार मिटता है, अंतर का अंधकार तो यथावत बना रहता है। अच्छा हो कि इस दीपावली में दीपक के सच की इस अनुभूति के साथ हम एक दीपक जलाएं, ताकि इस मरणशील मिट्टी की देह में आत्मा की ज्योति मुस्करा सके। मिट्टी के दीपक में मनुष्य की जिंदगी का बुनियादी सच समाया है।

विभिन्न धर्मों व पंथों के लोगों द्वारा मनाया जाने वाला यह पर्व देश के लोगों की एकताए सद्भावना और भाईचारे को मजबूत करता है। यह पर्व हमें मानवता की सेवा की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित करता है। आइए संकल्प करें कि जिस प्रकार एक जलता हुआ दीपक अनेक दीपकों को प्रज्ज्वलित कर सकता है, उसी प्रकार से हम समाज के निर्धन, बेसहारा और जरूरतमंद लोगों के जीवन में खुशियां बांटते हुए आशा एवं समृद्धि का दीप बनें। दीवाली स्वच्छता का भी उत्सव है इसलिए हम प्रदूषण से मुक्त, पर्यावरण के अनुकूल और स्वच्छ दीवाली मनाकर प्रकृति का भी सम्मान करें। मेरी कामना है कि खुशियों और प्रकाश का यह महापर्व, देश के हर घर में सुख, शांति और समृद्धि का संचार करे। दीवाली के शुभ अवसर पर मैं सभी देशवासियों और विदेश में बसे सभी भारतीयों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।




# दीपोत्सव के स्वागत के लिए सजे घर आंगन

## धनतेरस व रूप चतुर्दशी पर बाजारों में जमकर बरसा धन, 6 करोड़ का हुआ कारोबार



चौमूं. कासं

पांच दिवसीय दीपोत्सव के त्योहार को लेकर धनतेरस व रूप चतुर्दशी के मौके पर बाजारों में जमकर धन बरसा और खरीदारी के लिए हजारों की संख्या में लोग उमड़े। वहीं, दीपोत्सव के स्वागत के लिए घर-आंगन और बाजारों सहित प्रतिष्ठानों को रंग बिरंगी रोशनी और आकर्षक फूलों से सजाया गया है। लोगों ने सगुन की खरीदारी और शुभ मुहूर्त में सोने चांदी के सिक्के सहित ज्वेलरी, घरेलू सामान व इलेक्ट्रॉनिक्स सामान सहित अन्य उपयोगी वस्तुओं की खरीददारी की। बाजारों में सुबह से लेकर शाम तक दुकानों पर ग्राहकों की काफी भीड़ उमड़ी हुई नजर आई। फैंसी और रेडीमेड कपडों की दुकानों पर भी लोगों ने जमकर खरीदारी की। धनतेरस व रूप चतुर्दशी के मौके पर घर में काम आने वाले बर्तनों का खरीदना भी सगुन के तौर पर शुभ माना जाता है। इसे लेकर सुबह से शाम तक बर्तन भंडार की दुकानों पर भी लोगों की काफी भीड़ देखने को मिली। दुपहिया और चौपहिया वाहनों में करीब 500 से अधिक वाहनों की बिक्री चौमूं में हुई। जिससे करोड़ों रुपए का कारोबार हुआ हैं। जिसमें पेट्रोल, डीजल और इलेक्ट्रॉनिक वाहन शामिल है।

### शुभ मुहूर्त में लोगों ने खरीदा सोना-चांदी

शहर में धनतेरस व रुप चतुर्दशी के अवसर पर सोने व चांदी से बने आभूषणों की बिक्री भी जमकर हुई है। धनतेरस पर सोने-चांदी की खरीद को शुभ माना जाता है। ऐसे में लोगों ने शुभ मुहूर्त में सोने व चांदी से बने आइटम खरीदे। चौमूं ज्वैलर्स ऐसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज जांगिड़ ने बताया कि चौमूं में धनतेरस पर करीब 4 करोड़ के सोने व चांदी का कारोबार हुआ है। उन्होंने बताया कि सबसे ज्यादा चांदी-सोने के सिक्के, चांदी के बर्तन व ज्वेलरी की बिक्री हुई है।

आपके घर पर मां लक्ष्मी गणेश का वास हो,जीवन से अंधेरा दूर हो,
हर खुशी आपके द्वार पर दस्तक दे, और आपकी जिंदगी में खुशियों की महफिल सजे।

Sunil Kumar Jain
9214695692
9928077213
भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
Arihant
Publishers & Distributors
Publisher, Library Books & General Order Suppliers
Specialist: IAS, RAS, LAW, NET Books & Notes
Shop No.: 397, Adarsh Bazar, Barkat Nagar, Tonk Phatak, Jaipur-15
E-mail: apdjaipur@gmail.com fb.com/arihantpublishersanddistributors

भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं



रमेश चंद्र-सुमति देवी
यश कमल-संगीता
विभोर-आयुशी अजमेरा

# अरिहंत ग्लोबल ने मनाया रोशनी उत्सव

## अच्छाई , नैतिकता, परोपकार, सेवा भाव का संकल्प लिया



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

अरिहंत ग्लोबल ने मनाया रोशनी उत्सव और अच्छाई, नैतिकता, परोपकारी, सेवा भाव का संकल्प लिया। अरिहंत ग्लोबल, दुर्गापुरा स्थित कार्यस्थल पर धनतेरस और दिवाली का जश्न मनाया और जरूरतमंद को कपड़े बांटकर दिवाली मनाई। स्वादिष्ट व्यंजनों और पोशाक प्रतियोगिताओं से लेकर फुलझड़ियों और मुस्कुराहट तक, हमने एकजुटता की भावना का जश्न मनाया। विजेताओं को बधाई। यह हर दिन हमारे जीवन और काम में दिवाली की रोशनी लाने के लिए है। साथ में ही कंपनी के निर्देशक राहुल जैन, सुनीता जैन ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले का सम्मान किया और मिष्ठान खिलाकर आगे श्रेष्ठता की और बढ़ने का मार्ग दर्शन किया और दिसंबर में होने वाली 11 वीं सालगिरह की योजना भी बनाई जो डिजिटल मार्केटिंग में एक नया मोड़ संभवतः लाएगी। कंपनी के बोर्ड एडवाइजर डॉ.अरुण अग्रवाल ने भी सबको वर्चुअल बधाई दी और देश के लिए मंगल उत्सव की कामना की। इस उत्सव पर कंपनी से अंकित, राकेश, लोकेश, राशिका, राज, आयुषी, शैलेन्द्र, हिमांशु इत्यादि उपस्थित रहे।




सुरेन्द्र कुमार-मृदुला जैन पांड्या

राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष
दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन
पूर्व अध्यक्ष
दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राज. रीजन
पूर्व अध्यक्ष
दिगम्बर जैन महासमिति राजस्थान अंचल
अध्यक्ष
जन समस्या समिति, महावीर नगर, जयपुर
उपाध्यक्ष
दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र बाड़ा, पदमपुरा
उपाध्यक्ष
महावीर शिक्षा समिति

भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

राष्ट्रीय महामंत्री-दिगम्बर जैन महासमिति
सरंक्षक: दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति

पता: 477, एकता ब्लॉक, महावीर नगर, जयपुर (राज.)
मो.: 98290-63341

# शीर्षक- बहुत चाहा हमने कि...

बहुत चाहा हमने कि भूल जायें तुमको,मगर आपको हम भूला नहीं पाये।।
रहे दूर तुमसे हम इतने दिन भी, मगर दिल से दूर तुमसे रह नहीं पाये।।
बहुत चाहा हमने कि ----------------------------।।

मिली है सफर में हमको कई, बहुत खूबसूरत इठलाती कलियां।
चाहा उनसे कर ले यारी हम, बहुत हसीन थी यार उनकी दुनिया।।
मिला प्यार उनसे हमको बहुत, मगर हाथ उनसे हम मिला नहीं पाये।
बहुत चाहा हमने कि -----------------------------।।

कैसे कहें हम अब बात दिल की, आप बन चुके हो साथी किसी के।
आती नहीं होगी अब याद हमारी, आते होंगे ख्वाब तुमको उसी के।।
हमने संजोये फिर भी ख्वाब बहुत, मगर ख्वाब तुम्हारा मिटा नहीं पाये।
बहुत चाहा हमने कि -----------------------------।।

भूलें नहीं हम वो मुलाकात अपनी, बातें वफा की वो अपनी कहानी।
लिखी थी हमने जो अपने लहू से, अपने मिलन की वो प्यारी जुबानी।।
सोचा कि हम भी बसा ले कोई घर, मगर साथी और को हम बना नहीं पाये।
बहुत चाहा हमने कि --------------------------।।

गुरुदीन वर्मा उर्फ जी.आजाद
शिक्षक एवं साहित्यकार
तहसील एवं जिला- बारां(राजस्थान)

# श्री पदम प्रभु भगवान का जन्म- तप कल्याणक महोत्सव मनाया



प्रकाश पाटनी. शाबाश इंडिया

**भीलवाड़ा।** बापू नगर स्थित श्री पदम प्रभु दिगंबर जैन मंदिर में श्री पदम प्रभु भगवान का जन्म- तप कल्याणक महोत्सव मनाया गया। प्रातः पूनमचंद सेठी ने 108 रिद्धि मंत्रों उच्चारण द्वारा श्रावकों ने मूलनायक श्री पदम प्रभु भगवान सहित सभी प्रतिमाओं पर महामस्तकाभिषेक किया।इस उपरांत चांदमल जैन एवं मनोज सोनी ने पदम प्रभु भगवान, राकेश बघेरवाल ने आदिनाथ भगवान, खुशाल अग्रवाल ने मुनिसुव्रतनाथ भगवान पर शांतिधारा की। अन्य प्रतिमाओं पर भी शांतिधारा की गई।बाद में श्री पदम प्रभु भगवान की पूजा-अर्चना कर श्रावक-श्राविकाओं ने अर्ग समर्पण किये। इस अवसर पर कई धमार्लुगण उपस्थित थे।रात्रि 7:00 बजे पदम प्रभु भगवान जिनेंद्र देव की महाआरती की गई।

# एक दीपक राष्ट्र के नाम

'मिट्टी की यहां खुशबू अपनी सौंधी महक की प्रतीक है,
दीपों का प्रज्वलित होना
उंमगता का रस वंदन है
आओ फिर से वही देसी
रंग में त्योहार को मनाएँ,
एक दीपक आपने राष्ट्र के नाम पर जलाएँ।

देश हमारा अपना सर्व-शान्ति का पर्यवेक्षक है,
वह खुशहाल रहेगा तो हम खुशियाँ मनाएँगे
अपनों से स्नेह के बंधन में बंधते जाएँगे,
एक दीपक जब हम अपने राष्ट्र के नाम पर जलाएँगे।

एक नन्हा दीपक जग का अंधकार मिटाएगा,
मन में, तन में समन्वय व सौहार्द को बढ़ाएगा
फिर आपस में मिलकर हम एकजुटता का संदेश फैलाएँ,
जब एक दीपक हम अपने राष्ट्र के नाम पर जलाएँगे।

सृजनात्मकता, रचनात्मकता व सकारात्मकता की बागडोर से,
हम पर्व व त्यौहार में अपने देश को आगे बढ़ाएँगे
इस युवा भारत में फिर झिलमिलाते दीपक जगमगाएँगे,
जब हम एक दीपक अपने राष्ट्र के नाम पर जलाएँगे।

सदियों से हम दुश्मनों के हाथों छले गए,
गुलामी के दौर में हम बहुत पीछे हो गए
पर आजादी के बाद हम फिर नव प्रभात की बेला में आजाद हो गए,
आज स्वतंत्रता की इस आबोहवा में नए भारत का वंदन करें,
हम दीपावली पर एक दीपक राष्ट्र वंदना में स्वयं जलाएँ।।



हरिहर सिंह चौहान
जबरी बाग नसिया इन्दौर मध्य-प्रदेश



# जलता कैसे दीप

शुभ दीवाली आ गई, झूम रहा संसार।
माँ लक्ष्मी का आगमन, सजे सभी घर द्वार।।
*
सुख वैभव सबको मिले, मिले प्यार उपहार।
सच में सौरभ हो तभी, दीवाली त्यौहार।।
*
दीवाली का पर्व ये, हो सौरभ तब खास।
आ जाए जब झोंपड़ी, महलों को भी रास।।
*
जिनके स्वच्छ विचार हैं, रखे प्रेम व्यवहार।
उनके सौरभ रोज ही, दीवाली त्यौहार।।
*
दीवाली उनकी मने, होय सुखी परिवार।
दीप बेच रोशन करे, सौरभ जो घर द्वार।।
*
मैंने उनको भेंट की, दीवाली और ईद।
जान देश के नाम कर, जो हो गए शहीद।।
*
फीके-फीके हो गए, त्योहारों के रंग।
दीप दिवाली के बुझे, होली है बेरंग।।
*
नेह भरे मोती नहीं, खाली मन का सीप।
सूख गई हैं बातियाँ, जलता कैसे दीप।।
*
बाती रूठी दीप से, हो कैसे प्रकाश।
बैठा मन को बांधकर, अंधियारे का पाश।।
*
दीया माटी का जले, रौशन हो घर द्वार।
जीवन भर आशीष दे, तुम्हे खूब कुम्हार।।
*
दीया बाती ने किया, प्रेमपूर्ण व्यवहार।
जगमग हुई मुँडेर है, प्रकाशमय घर द्वार ।।
*
दीया -बाती- सी परी, तेरी -मेरी प्रीत।
हर्षित हो उल्लास उर, गाये मिलकर गीत।।
*
दीया में बाती जले, पावन ये व्यवहार।
अन्तर्मन उजियार ही, है सच्चा श्रृंगार।।
*
सदा शहीदों का जले, इक दीया हर हाल।
मने तभी दीपावली, देश रहे खुशहाल ।।
*
दीया- बाती- सा बने, आपस में विश्वास।
चिंता सारी दूर हो, खुशियां करे निवास।।
*
तपती बाती रात भर, लिए अटल विश्वास।
तब जाकर दीया भरे, है आशा उल्लास।।
*
दीये सा जीवन करे, इस जगती के नाम।
परहित हेतु जो है मिटे, जीवन उनका धाम।।
*
दीया माटी का जले, रौशन हो घर द्वार।
जीवन भर आशीष दे, तुम्हे खूब कुम्हार।।

-डॉ सत्यवान सौरभ






# भगवान महावीर के योग निरोध धारण दिवस, धन्य तेरस पर वर्धमान स्तोत्र दीप अर्चना हुई आयोजित

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जनकपुरी - ज्योतिनगर जैन मंदिर में बुधवार को धन्य तेरस के दिन श्री वर्धमान स्तोत्र मण्डल दीप अर्चना का आयोजन हुआ । प्रबंध समिति के अध्यक्ष पदम् जैन बिलाला ने बताया कि धन्य तेरस का जैनशासन में अलग महत्व बताया गया है। कार्तिक कृष्ण तेरस को तीर्थंकर भगवान महावीर ने अपनी सांसारिक भवों भवों के बंधनों को छेदने के लिए,वर्तमान के जल महल, पावापुरी में योग निरोध धारण किया था। तीन दिन के ध्यान के बाद योग निरोध करते हुये दीपावली के दिन निर्वाण को प्राप्त हुये थे तभी से यह दिन धन्य तेरस के नाम से प्रसिद्ध हुआ। श्रावकों ने एक एक श्लोक व ऋद्धि मंत्र के साथ मण्डल पर चौसठ दीपक भगवान महावीर की अर्चना करते हुए समर्पित किए। प्रत्येक श्लोक का शिखर चंद किरण जैन ने अर्थ समझाते हुए वाचन किया। कल भक्तामर दीप अर्चना व शुक्रवार को भगवान महावीर के निर्वाणोत्सव पर निर्वाण लाडू चढ़ाया जाएगा।





# जे के लोन हॉस्पिटल के बाहर तीन सो व्यक्तियों को भोजन करवा कर मनाया जन्मदिन

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** धर्म जागृति संस्थान राजस्थान के प्रचार प्रसार मंत्री-राकेश गोदिका ने अपना जन्म दिन धर्म जागृति संस्थान के तत्वावधान में जे के लोन हॉस्पिटल के बाहर असहाय, निषक्त , जरूरत मंद , बीमार करीब तीन सो व्यक्तियों में शुद्ध भोजन पत्तल दोने में मिठाई के साथ वितरण कर मनाया। इस समय प्रांतीय अध्यक्ष पदम्‌ जैन बिलाला, उपाध्यक्ष कमल दीवान व हरक चंद जैन हमीरपुर, सांस्कृतिक मंत्री समता गोदिका, आरुषि जैन, मुकेश, राजेश, धारा आदि की गरिमामय उपस्थिति रही।

